हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

(तिथि 23 अप्रैल 2026, समय 13:05 (5 मिनट)

****

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने उद्योगपतियों से ऐसे उत्पाद बनाने का आग्रह किया है जो "मेक इन इंडिया" को एक मज़बूत वैश्विक पहचान दे सकें। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने भी इस बात पर ज़ोर दिया है कि भारतीय उत्पाद न केवल अंतरराष्ट्रीय मानकों को पूरा करें, बल्कि उनसे भी आगे निकल जाएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि कंपनियों को सामान इस तरह से बनाना चाहिए कि "मेक इन इंडिया" बेहतरीन गुणवत्ता का पर्याय बन जाए।

श्री नायब सिंह सैनी कल नई दिल्ली में राज्य की आगामी औद्योगिक नीति के संबंध में निवेशकों के साथ बातचीत कर रहे थे। इस दौरान, उन्होंने ऑटो, विनिर्माण, इलेक्ट्रॉनिक्स और अन्य क्षेत्रों के उद्योगपतियों के साथ अलग-अलग बैठकें कीं। उन्होंने न केवल नई नीति पर उनके सुझाव मांगे, बल्कि अपने विचार भी साझा किए।

श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि विभिन्न क्षेत्रों में निवेश करने वाले उद्योगपतियों को उद्योग स्थापित करते समय और उत्पाद बनाते समय आयात प्रतिस्थापन पर भी ध्यान देना चाहिए। इससे न केवल उन उत्पादों की उपलब्धता बढ़ेगी जो वर्तमान में दूसरे देशों से आयात किए जाते हैं, बल्कि स्थानीय रोज़गार भी पैदा होगा। यह राष्ट्र के लिए फायदेमंद होगा और घरेलू उद्योगों को बढ़ावा देगा।

मीडिया से बातचीत करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा जल्द ही अपनी नई औद्योगिक नीति लेकर आएगा। इसे और बेहतर बनाने के लिए उद्योगपतियों के साथ सीधे परामर्श किए जा रहे हैं, ताकि उद्योगों को अधिकतम लाभ मिल सके और राज्य अधिक प्रगति कर सके।

****

होडल से विधायक हरेंद्र कुमार ने कहा कि सरकार वर्ष 2029 के चुनावों में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देना चाहती थी, जबकि विपक्ष ने एक रणनीति के तहत इस बिल को रोकने का कार्य किया।

होडल में एक पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा -

उन्होंने कहा कि विपक्ष को आने वाले समय में इसका खामियाजा भुगतना पड़ेगा।

****

भारतीय जनता पार्टी ने पंचकूला , अंबाला , सोनीपत नगर निगम चुनाव में महापौर पद के लिए उम्मीदवारों की घोषणा की है , प्रदेश महामंत्री सुरेंदर पुनिया द्वारा जारी पत्र के अनुसार पंचकूला से श्री श्याम लाल बंसल ,अंबाला से अक्षिता सैनी और सोनीपत से श्री राजीव जैन को महापौर पद का प्रत्याशी घोषित किया है ।

अंबाला नगर निगम से महापौर पद की प्रतियाशी अक्षिता सैनी का परिवार कई दशकों से जन संघ एवं भारतीय जनता पार्टी से जुड़ा हुआ है , उनके पिता श्री स्वर्ण सिंह सैनी वर्तमान में मण्डल उपाध्यक्ष के रूप में सेवाये दे रहे हैं। इस बीच पार्टी ने पंचकुला और अंबाला नगर निगम के सभी 20 वार्ड से भी प्रत्याशी घोषित कर दिए हैं ।

भाजपा ने रेवाड़ी नगर परिषद से प्रधान पद के लिए श्रीमति विनीता पीपल , धारूहेड़ा नगर पालिका से अजय जांगड़ा और सांपला नगर पालिका से प्रवीण कोच को उम्मीदवार बनाया है । भाजपा ने रेवाड़ी और सांपला नगर पालिका के सभी वार्ड से भी प्रत्याशी घोषित कर दिए हैं ।

****

कॉंग्रेस ने पंचकूला नगर निगम चुनाव के लिए , पंचकुला के सभी 20 वार्ड से और अंबाला नगर निगम के 20 वार्ड से पार्षद पद के लिए अपने उम्मीदवारों की

सूची जारी कर दी है । इससे पहले काँग्रेस ने नगर निगमों में महापौर पद के लिए उम्मीदवारों की घोषणा की थी । उधर आम आदमी पार्टी ने भी पंचकुला के कुल 11 वार्ड से पार्षद पद के उम्मीदवारों की सूची जारी कर दी है ।

****

केंद्रशासित प्रदेश चंडीगढ़ में पोषण पखवाड़ा 2026 के अंतर्गत आज मातृ एवं शिशु पोषण विषय पर केंद्रित जागरूकता एवं जनसंपर्क गतिविधियों की एक श्रृंखला आयोजित की गई।

इस दौरान मलोया, बुडैल सहित विभिन्न स्थानों पर आयोजित कार्यक्रमों में मातृ एवं शिशु के अच्छे स्वास्थ्य के लिए उचित पोषण बारे जानकारी दी गई।मलोया में गर्भवती एवं स्तनपान कराने वाली महिलाओं के लिए स्वस्थ आहार एवं जीवनशैली पर आयोजित जागरूकता सत्र में संतुलित पोषण, स्वच्छता एवं स्वस्थ दिनचर्या पर जोर दिया गया।

गर्भवती महिलाओं के सम्मान एवं उत्साहवर्धन हेतु पारंपरिक गोद भराई समारोह का आयोजन भी किया गया। अभियान के तहत बुडैल में एक पोषण रैली निकाली गई।इसके अतिरिक्त, आर.सी. धनास में इम्पैक्ट ग्रुप द्वारा नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत कर पोषण एवं स्वस्थ जीवनशैली से जुड़े संदेश लोगो तक प्रभावी ढंग से पहुंचाए गए।
अभियान के अंतर्गत विभिन्न पूरक गतिविधियां भी आयोजित की गईं।

****

केंद्रीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने पेट्रोल और डीजल की कीमतों में संभावित वृद्धि से संबंधित कुछ समाचारों का खंडन किया है। मंत्रालय ने स्पष्ट किया है कि सरकार के समक्ष ऐसा कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है। मंत्रालय ने कहा कि ऐसी खबरें नागरिकों में भय और दहशत पैदा करने के उद्देश्य से फैलाई गई हैं और ये दुर्भावनापूर्ण तथा भ्रामक हैं।

****